राष्ट्रीय खेलकूद दिवस 2023 (21-29 अगस्त, 2023) का आयोजन

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 21-29 अगस्त, 2023 तक भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला और इसके क्षेत्रीय केन्द्रों में राष्ट्रीय खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ने उपस्थित वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फिट इंडिया शपथ ग्रहण करवाई एवं सभी को अपने जीवन में स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट खेलकूद में भाग लेने का आह्वान किया। इस आयोजन अंतर्गत विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें आलू परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रीय खेल दिवस के दौरान वॉलीबॉल स्मेशिंग, चेस, केरम, लेमन रेस, वॉलीबॉल शूटिंग इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के हर वर्ग के कर्मचारी ने भाग लिया।